तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, रविवार 14 जुलाई 2024



12 तेंदूकोना में चलाया गया हेलमेट जागरुकता





12 एक वृक्ष 10 पुत्रों के समान होता : द्वारिकाधीश






## खबर संक्षेप

### खट्टी में फांसी के फंदे पर झूला युवक

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम खट्टी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि 11-12 जुलाई की दरमियानी रात राजेश दास पिता तुलसीदास मानिकपुरी (26 साल) निवासी ग्राम खट्टी ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। घटना की सूचना बसंत दास ने थाने में दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया है।

### कार की ठोकर से तीन लोग घायल

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम लोहराकोट के पास कार की ठोकर से बाइक सवार पति-पत्नी और बच्चा घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि ग्राम ढाबाखार निवासी कृष्ण कुमार केंवट 13 जून को अपनी पत्नी व बेटे को ग्राम कौड़िया से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीबी 4677 स्प्लेंडर प्लस में बिठाकर अपने घर ग्राम ढाबाखार के लिए निकला था। ग्राम लोहराकोट एनएच 53 के पास पहुंचने पर पिथौरा की ओर से कार क्रमांक सीजी 22 यू 4373 के चालक ने पीछे से बाइक को ठोकर मार दिया। हादसे में तीनों घायल हो गए। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी कार चालक के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध कायम किया गया है।

### एक महिला सहित दो लोगों ने लगाई फांसी

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र की दो अलग-अलग घटनाओं में एक महिला सहित दो लोगों ने फांसी लगा ली। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 12 जुलाई को सुबह करीब 11 बजे लीलाधर सिन्हा पिता दुजेराम (35 साल) निवासी महलपारा पिथौरा ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली, वहीं दूसरी घटना ग्राम सोनासिल्ली की है, जहां जानकी ध्रुव पति शिवलाल (42 साल) निवासी ग्राम सोनासिल्ली ने अज्ञात कारणों से फांसी लगा ली। पुलिस ने दोनों ही मामलों की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### मामूली बात को लेकर मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में दो लोगों के बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने बताया कि ओमकार देवांगन 12 जुलाई 2024 को सुबह करीबन 11 बजे वह ग्राम बेमचा के चोपड़ा राइस मिल के पास नरेंद्र देवांगन के साथ बैठकर आपस में बातचीत कर रहा था, उसी समय नरेंद्र देवांगन मुझसे बदतमीजी से बात करता है कहकर गुस्से में आ गया और गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत पंजीबद्ध अपराध दर्ज किया है।

# अल्पवर्षा से जिलेभर में मंडरा रहा अकाल का खतरा, किसान चिंतित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले में अल्प वर्षा के चलते अब अकाल का खतरा मंडराने लगा है। बोनी भी पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। किसानों की चिंता भी बढ़ रही है। खेतों में नमी नहीं होने से धान बीज का अंकुरण भी नहीं हो पाया है। खासकर बागबाहरा, पिथौरा और कोमाखान तहसील में कम बारिश होने के चलते सूखे के हालात निर्मित हो गए हैं। नदी, नाले और नहरों में भी पानी नहीं होने से सिंचाई की व्यवस्था भी नहीं हो पा रही है, जिसके चलते आषाढ़ में ही अकाल का खतरा मंडराने लगा है।

छत्तीसगढ़ में चालू खरीफ सीजन में बादलों की बेरुखी से मानसून ब्रेक जैसी स्थिति ने किसानों के होश उड़ा दिए है। जिले के एक बड़े हिस्से में सूखे के हालात बन रहे हैं। बारिश शुरू होने के बाद से किसान बोनी के कार्य में जुट गए थे। लेकिन, आषाढ़ के महीने में भी अपेक्षा के मुताबिक बारिश नहीं होने के कारण किसानों की चिंता बढ़ने लगी है।

ज्यादातर इलाकों में अल्प व खंडवर्षा के चलते खेती-किसानी का काम लगभग ठप है। वहीं, धान की खुर्रा बोनी के बीज भी खराब होने लगे हैं। जिन किसानों ने खुद के साधन से रोपाई का कार्य शुरू किया था, वह भी अब धीमा पड़ गया है। क्योंकि, जलस्तर के नहीं बढ़ने से बोर में जबाव देने लगे हैं। कृषक जीवन लाल वर्मा ने बताया कि किसानों के खेतों में खुर्रा बोनी कर डाले गए बीज में पानी के अभाव में अंकुरण नहीं आया, तो कहीं कहीं अंकुरण आने के बाद गर्मी में सूखकर खराब हो रहे हैं।

## खेतों में नमी नहीं होने से धान बीज का भी नहीं हो पाया अंकुरण

### औसत से 36 फीसदी कम बारिश

अभी तक जिले में औसत से 36 फीसदी कम बारिश ही हो पाई है। पिथौरा, बागबाहरा तहसील में जहां 60 फीसदी से कम बारिश दर्ज की गई है। वहीं, कोमाखान तहसील में सिर्फ 42 फीसदी बारिश हो पाई है। जानकारी के अनुसार महासमुंद तहसील में 272 मिमी, सरायपाली 208 मिमी, बसना 234 मिमी, पिथौरा 170 मिमी, बागबाहरा में 164 मिमी और कोमाखान तहसील में 42 मिमी बारिश हो चुकी है, जो कि औसत बारिश का 63 फीसदी है।



### जिले में अकाल की स्थिति नहीं

कृषि उप संचालक एफआर कश्यप ने बताया कि धान की खुर्रा बोनी तकरीबन पूरा हो चुका है। नर्सरी भी तैयार हो रहा है। बारिश के कारण जिले में कहीं भी अकाल की स्थिति नहीं है। दरअसल, बोता पद्धति के शुरूआत में फसल को ज्यादा पानी की आवश्यता नहीं होती। बीच-बीच में बारिश होने से खेतों में नमी रहना ही फसल के पर्याप्त साबित होता है। दलहन-तिलहन की बोआई जरूर पिछड़ी हुई है। इसका कारण यह है कि वन्य क्षेत्रों में अगस्त में इसकी बोआई शुरू होती है।

## पहल : 23 खंडपीठों का गठन कर किया मामलों का निराकरण

# नेशनल लोक अदालत में निपटे 45293 लंबित मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शनिवार को जिला न्यायालय एवं

**पक्षकारों को दिए गए विभिन्न प्रजातियों के फल एवं छायादार पौधे, 7, 27, 30853 रुपए के अवार्ड भी पारित**

तहसील पिथौरा, सरायपाली, बसना और बागबाहरा स्थित सिविल, श्रम न्यायालय एवं राजस्व न्यायालयों सहित कुल 23 खंडपीठों का गठन कर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत की उक्त सभी खण्डपीठों में श्रमिक विवाद, बैंक रिकवरी प्रकरण, विद्युत एवं देयकों के अवशेष बकाया की वसूली और राजीनामा योग्य अन्य मामले के बकाया की वसूली संबंधी प्री-लिटिगेशन मामले, राजस्व न्यायालयों से संबंधित प्रकरण सुनवाई के लिए रखे गये थे।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दामोदर प्रसाद चंद्रा द्वारा जानकारी दी गई कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में उक्त मामलों के अलावा राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरण, परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा-138 के अधीन परिवाद पर संस्थित मामले, मोटर दुर्घटना दावा संबंधी मामले तथा विद्युत अधिनियम 2003 की धारा-135 (क) के तहत विद्युत चोरी के मामले तथा सिविल मामले भी नियत किए गए थे। उक्त खंडपीठों में उपरोक्त सभी मामलों की सुनवाई करते हुए जिला महासमुंद स्थित विभिन्न न्यायालयों में प्रकरणों का निराकरण किया गया। नेशनल लोक अदालत अवसर पर वन विभाग के विशेष सहयोग से पक्षकारों को विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधे का वितरण किया गया।



### स्वास्थ्य जांच के लिए लगाए गए स्टॉल

जिला न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा आयुर्वेद विभाग की ओर से स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारीगण, अधिवक्ता तथा अपने प्रकरण में उपस्थित पक्षकारगणों का स्वास्थ्य जांच किया गया।

### पौने छह करोड़ के अवार्ड पारित

प्री-लिटिगेशन संबंधित मामलों में विभिन्न बैंकों रिकव्हरी के कुल 3062 प्रकरण, विद्युत संबंधित 6558 प्रकरण, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के सम्पति कर व जल कर के एक तथा श्रम विभाग से संबंधित 196 प्रकरणों के निराकरण किया गया। जिले के सभी तहसील एवं अनुभाग क्षेत्रों के राजस्व न्यायालयों के माध्यम से 33394 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जिला एवं तहसील स्थित न्यायालयों में लंबित सिविल वाद, दांडिक मामलों, मोटर दुर्घटना दावा, चेक अनादरण के प्रकरण, इत्यादि के 2083 मामलों में सुनवाई पश्चात सुलह एवं समझौता के आधार पर निराकरण किया गया और उनमें 57212685 रुपए की राशि के अवार्ड भी पारित किए गए।



### दांपत्य जीवन एक साथ निर्वाह करने हुए सहमत

जिला न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में खंडपीठ क्रमांक-02 के समक्ष दामपत्य जीवन निर्वाहन के पुनस्थापन संबंधित मामला जो कि वर्ष 2022 से लंबित था। जिसमें पीठासीन अधिकारी प्रफुल्ल कुमार सोनवानी द्वारा समझाइश दी गई, जिससे प्रेरित होकर दोनों दंपत्ति एक साथ रहने के लिए सहमत होते हुए अपना दांपत्य जीवन एक साथ निर्वाह करने के लिए तैयार हो गया। उक्त प्रकरण सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम कोसमपाली निवासी उर्मिला (परिवर्तित नाम) 21 वर्ष का है, जिसका विवाह बानीगिराला निवासी हरिचंद (परिवर्तित नाम) 24 वर्ष के साथ रीति रिवाजों के साथ 17 फरवरी 2021 में हुआ था। शादी के बाद एक वर्ष तक दोनों दांपत्य जीवन अच्छा था। बाद में उसके पति द्वारा गाली-गलौज, दहेज एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। जिससे वे दोनों 25 मार्च 2022 से अलग-अलग रह रही था। बाद में प्रकरण कोर्ट में वर्ष 2022 से लंबित था। जिसे 13 जुलाई 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत के खंडपीठ के माध्यम से समझाइश एवं आपसी सुलह के माध्यम से निराकरण किया गया। इस प्रकार उक्त प्रकरण न्यायालय में लंबित ना होकर दोनों की आपसी सहमति से प्रकरण में राजीनामा के आधार पर निराकृत किया गया। इसी प्रकार सरायपाली स्थित न्यायालय के खंडपीठ अधिकारी नमिता मिंज भास्कर के न्यायालय में लक्ष्मीधर दास विरूद्ध राधादास के दांडिक प्रकरण क्रमांक 689/2024 के अपराध धारा-294, 323, 506 भादवि का प्रकरण पति-पत्नी के मध्य आपसी घरेलू विवाद होकर मारपीट हो जाने के संबंध में प्रकरण न्यायालय में लंबित था, लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण प्रार्थी द्वारा अपने पति लक्ष्मीधर दास के साथ आपसी राजीनामा कर सुलह समझौता कर लिया गया। दोनों साथ रहने के लिए हंसी खुशी राजी हुए। इसी तरह एक और मामला दांडिक प्रकरण क्रमांक 239/2023 अपराध धारा 294, 323, 506 भादवि तथा प्रकरण क्रमांक 830/2022 शासन विरूद्ध ललित व अन्य के प्रकरण में विवाद व मारपीट के संबंध में प्रकरण न्यायालय में लंबित था। उक्त प्रकरण नेशनल लोक अदालत में तालुका सरायपाली स्थित न्यायालय के खंडपीठ के माध्यम से पीठासीन अधिकारी द्वारा आपसी सुलह के माध्यम से राजीनामा के आधार पर प्रकरण का निराकरण किया गया।

## सड़क पर मवेशियों को छोड़ा तो देना होगा अर्थदंड, नहीं माने तो पालिका करेगी नियमानुसार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बारिश शुरु होने के साथ ही इन दिनों मवेशी मिट्टी वाले स्थानों की बजाय सूखे स्थान या सड़कों को अपना जमावड़ा बना रहे हैं। इसके कारण सड़क में बैठे मवेशी राहगीरों के परेशानी का कारण बन रहे हैं। वही यातायात भी जमकर प्रभावित हो रहा है। इसे देखते हुए सड़कों पर आवारा घूम रहे मवेशियों पर और उनके स्वामियों के लिए नगर पालिका ने अभियान शुरू कर दिया है। जिसके तहत संबंधित मवेशी स्वामी के खिलाफ चालान काटने के साथ-साथ अर्थदंड वसूलने की कार्रवाई की जाएगी। बावजूद नहीं माने तो पालिका द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की भी बात कही जा रही है। दरअसल, शहर के अलग-अलग इलाकों में सड़क पर घूम रहे आवारा पशुओं का आतंक है। जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। आवारा मवेशियों के खिलाफ पालिका प्रशासन द्वारा लगातार अभियान चलाया जाता है, बावजूद भी मवेशी स्वामी अपने मवेशियों को सड़क पर आवारा छोड़ रहे हैं।



## बाइपास के लिए दिल्ली जा रहीं नपाध्यक्ष राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



- केंद्रीय सड़क एवं परिवहन कार्यालय ने बाइपास निर्माण की मांग पर दिल्ली बुलावा, केंद्रीय मंत्री से करेंगी मुलाकात

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कार्यालय की ओर से नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग को बाइपास निर्माण की मांग पर दिल्ली से बुलावा मिला है। नपाध्यक्ष महिलांग ने बताया कि विगत दिनों उन्होंने शहरवासियों की बहुप्रतीक्षित बाइपास निर्माण की मांग को लेकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा। जिसे लेकर गत दिनों केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री कार्यालय की ओर से उन्हें इस संबंध चर्चा के लिए बुलाया गया है। श्रीमती महिलांग ने बताया कि मंत्री से चर्चा के लिए सोमवार को वह दिल्ली जाएंगी। ज्ञात हो कि शहर में भारी वाहनों की वजह से यातायात के बढ़ते दबाव के चलते हादसे हो रहे हैं, जिसमें नागरिकों को हादसों के साथ अपनी जान भी गंवानी पड़ रही है। बाइपास निर्माण की मांग शहर की बहुप्रतीक्षित मांग रही है। जिसके लिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री को पत्र लिखकर उनका इस बहुप्रतीक्षित मांग के लिए ध्यान आकृष्ट कराया था, जिसे केंद्रीय मंत्री गडकरी ने गंभीरता से लिया है और कार्यालय की ओर से उन्हें पत्र भेजकर चर्चा के लिए बुलाया है।

## गांजा ले जा रही कार ट्रक से टकराई

### एक महिला सहित पुरूष हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एनएच 53 में भगतदेवरी के पास गांजा की तस्करी के उपयोग में लाया जा रहा एक लग्जरी कार दुघर्टनाग्रस्त हो गई। तेज रफ्तार से जा रही कार अनियंत्रित होकर एक ट्रक से टकरा गई। जिससे कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर रूक गई। कार में एक महिला और पुरूष सवार थे। जिन्हें मामूली चोट पहुंची है। सांकरा थाना से मिली जानकारी के अनुसार एनएच 53 में पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान आर्मी लिखा हुआ एक लग्जरी कार क्रमांक 23 बीएच 9019 सी अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा गई। कार में सवार महिला और पुरूष का कार से बाहर निकाला गया। साथ ही पुलिस द्वारा कार की जांच करने पर करीब डेढ़ क्विंटल गांजा मिला। आरोपियों ने बताया कि वे ओडिशा से गांजा लेकर सागर मध्यप्रदेश जा रहे थे। फिलहाल पुलिस की कार्रवाई जारी है।

## घर घुसकर महिला से मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम बिरकोनी में एक महिला के साथ जेठ और उसके बेटे ने विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए धक्का मुक्की की। महिला की शिकायत पर सिटी कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस ने बताया कि बिरकोनी निवासी पुष्पा देवी ठाकुर पति पवन कुमार ठाकुर के साथ 11 जुलाई को पति के बड़े भाई और उसके बेटे ने विवाद करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए धक्का मुक्की की। घटना के वक्त महिला घर पर अकेली थी। महिला ने इस घटना की सूचना तत्काल बिरकोनी के कोतवाल और सरपंच, वार्ड पंच को दी। पुलिस के अनुसार प्रार्थिया ने बताया कि आरोपी भरत सेन व देवेंद्र सेन बीच बस्ती गाली गलौज करते रहे, जाते वक्त मुझे चेतावनी दी है अगले हफ्ते फिर आकर बात करेगें। महिला ने पुलिस को बताया कि पिछले कई सालों में इस तरह की घटना 4 से 5 बार हो चुकी है, जिसकी शिकायत सिटी कोतवाली थाना महासमुंद में दर्ज कराई गई है। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध धारा 296, 115(2), 333, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

### आइसक्रीम दुकान से 4 हजार की चोरी

**महासमुंद।** नगर के एक आइसक्रीम पार्लर में चोरी की घटना प्रकाश में आई है। सिटी कोतवाली में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने बताया कि वार्ड नं 15 याकूब रजवानी मार्ग निवासी असपाक चौहान पिता सलीम चौहान की स्वामी चौक महासमुंद में आइसक्रीम पार्लर है। 11 जुलाई की रात्रि करीबन 11 बजे रोज की भांति वह अपने आइसक्रीम पार्लर में ताला बंद कर घर चला गया। अगले दिन 12 जुलाई की सुबह करीबन 6 बजे अपने आइसक्रीम पार्लर की तरफ घूमने के लिए गया था तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ था। दुकान के अंदर जाकर देखने पर गल्ले में करीब 4000 रुपए नहीं थे। पुलिस ने मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ 305 (ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# तीन हत्याओं के आरोपियों को उम्र कैद, प्रत्येक हत्याओं के लिए सुनाई गई अलग-अलग सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बच्चों के झगड़े से उपजे विवाद के बाद एक ही रात में दो अलग-अलग स्थानों पर भीमखोज निवासी रंजीत, रवि व दुकालू की हत्या को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को प्रथम सत्र न्यायाधीश संघपुष्पा भतपहरी ने आरोप दोष सिद्ध होने पर महासमुंद थाना क्षेत्र के ग्राम भीमखोज निवासी 35 वर्षीय संतोषी पति विजय तेलगू, 46 वर्षीय यशोदा पति नंदकिशोर तेलगू तथा 51 वर्षीय नंदकिशोर पिता गिरधारी को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास, 5 हजार रुपए अर्थदंड, धारा 307 के तहत 7 वर्ष सश्रम कारावास व 3 हजार रुपए अर्थदंड तथा धारा 460 के तहत 10 वर्ष के सश्रम कारावास और 2 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। इसके अलावा धारा 148 के तहत 2 वर्ष के सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए अर्थदंड, धारा 324 के तहत दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर क्रमशः 5, 5, 3, 2 व 1 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। ये सजाएं सभी हत्याओं व अन्य अपराध के लिए अलग-अलग दी गई है यानी आरोपियों को तीन-तीन आजीवन कारावास व सभी सजाएं तीन-तीन बार दी गई है। इसी तरह अर्थदंड की राशि भी भुगतना होगा। अर्थदंड के अलावा अन्य सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। अभियोजन के अनुसार मामला 26 अगस्त 2003 की रात्रि ढाई से तीन बजे का है। प्रार्थिया शांतिबाई ने पुलिस को बताया कि घटना के एक-डेढ़ माह पहले उसकी देवरानी सीमा का बच्चों की बात पर गिरधारी, नंदकिशोर और उनकी औरतों के साथ झगड़ा हुआ था। तब गिरधारी, नंदकिशोर परिवार सहित कही भाग गए थे। 26 अगस्त 2003 को अपने पति दुकालू व बच्चों को लेकर कमरा बंद कर सोई थी तो रात्रि ढाई से तीन बजे बचाओ-बचाओ कहकर रवि और उसकी पत्नी चिल्लाई। दरवाजा खोलकर लाईट जलाकर देखा तो नीलकंठ विधि से संघर्षरत बालकगण, पुनीत, अर्जुन, बूढा अर्जुन, धरमू, दिनेश, फूलसिंग, गणेसरी, कोदी बाई, यशोदा बाई, संतोषी बाई तथा अन्य लोग तलवार, खुखरी, टंगिया, गुप्ती, भाला, राड, लाठी रखे थे और रवि को मार रहे थे। रवि नीचे गिर पड़ा था।

प्रार्थिया को देखकर उसकी ओर आए और बोले इसको मार डालो। गणेसरी, यशोदा, कोंदी बाई, संतोषी डंडे से मारे और बैगा राजू ने भुजा में तलवार से हमला किया। यह देखकर उसका पति दुकालू अंदर घुसकर दरवाजा बंद कर दिया, किंतु, ये लोग दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और उसका हाथ, पैर काट दिया। साथ ही शंकर को भी मारे है। घटना के समय रवि की मौत हो गई थी और कुछ समय बाद प्रार्थिया के पति दुकालू की भी मौत हो गई। इसी तरह मृतक रंजीत की पत्नी सीमाबाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना दिनांक 26 अगस्त 2003 से एक डेढ माह पूर्व बच्चों के झगड़े में विवाद हुआ था। इसी बात की रंजिश से गिरधारी, नंदकिशोर, चिन्ना, पोतराजू, बैगा राजू, नीलकंठ विधि से संघर्षरत बालकगण, पुनीत, अर्जुन, बड़ा अर्जुन, धरमू, दिनेश, फूलसिंग, गणेसरी, कोंदी बाई यशोदा बाई, संतोषी बाई तथा अन्य लोग तलवार, खुखरी, टंगिया, गुप्ती, भाला, राड, डंडा से उसके पति रंजीत को मारपीट कर हत्या कर दिए। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना उपरांत कोर्ट को सौंपा था। अभियोजन की ओर अतिरिक्त लोक अभियोजक भरत सिंह ठाकुर ने पैरवी की। उल्लेखनीय है कि इस प्रकरण में अभियुक्तगण अर्जुन पिता रामजी तेलगू, कोदीबाई उर्फ उन्नरी पति दादू तेलगू, फूलसिंग पिता रायपा तेलगू, दिनेश पिता बारातूराम नेताम, पुनीत पिता रामचंद तेलगू को 21 दिसंबर 2005 को सजा सुनाया जा चुका है। अन्य आरोपी फरार चल रहे थे। जिनके गिरफ्तार होने पर न्यायालय में मामला चला। इस प्रकरण के अन्य सहअभियुक्त गिरधारी, नीलकंठ, पोतराजू, धरमू, बूढा अर्जुना, बैगा राजू, चिन्ना, गणेसरी फरार है। उनके खिलाफ स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी है।

## बस की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त चालक के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** तेंदूकोना थाना क्षेत्र के ग्राम धामनतोरी के पास बस की ठोकर से मसाला व्यापारी की कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि हर्ष कुमार अग्रवाल पिता पवन अग्रवाल निवासी जामुल दुर्ग 12 जुलाई 2024 को भिलाई अपने निवास से व्यापार के संबंध में ऑर्डर लेने, वसूली करने स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 07 बीवाय 6471 से झलप होते हुए तेंदूकोना भुरकोनी जा रहा था। इसी दौरान धामनतोरी मोड़ के पास तेंदूकोना की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस क्रमांक सीजी 23 जी 3300 के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक बस को चलाते हुए कार को सामने से ड्रायवर सीट की ओर ठोकर मार दिया। हादसे में किसी को चोट तो नहीं लगी, लेकिन गाड़ी के ड्रायवर साइड का दरवाजा, बोनट एवं इंजन को काफी क्षति पहुंची है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ 125(ए), 281 बीएनएस, के तहत अपराध कायम किया है।


**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### खमतराई शराब भट्ठी संचालक पर 31 हजार जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के प्रतिदिन दैनिक स्वच्छता निरीक्षण के दौरान जोन-1 के तहत खमतराई क्षेत्र में ब्रिज के नीचे के नाले में जबरदस्त गंदगी खमतराई शराब भट्ठी के समीप देखी। शराब भट्ठी के लोगों द्वारा नाले में जबरदस्त गंदगी फैलाया जाना पाया गया। जिस कारण नाले की निकास व्यवस्था पूरी तरह अवरुद्ध हो रही थी। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का क्रय-विक्रय होना स्थल पर पाया गया और इससे संबंधित प्राप्त जनशिकायत सही मिली। जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन को संबंधित खमतराई क्षेत्र शराब भट्ठी के संचालक पर तत्काल 31 हजार रुपए जुर्माना करने के निर्देश दिए। साथ ही शराब भट्ठी संचालक को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### मोटर स्पिरिट अधिनियम निरस्त करने की मांग



**रायपुर।** छग पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल को ज्ञापन सौंपकर मध्यप्रदेश मोटर स्पिरिट एवं हाईस्पीड डीजल ऑयल अधिनियम 1980 को निरस्त करने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विजय पाण्डेय ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि उक्त अधिनियम को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 31 जुलाई 2020 को निरस्त किया जा चुका है, लेकिन छत्तीसगढ़ में यह अब भी लागू है, इसलिए यहां भी इस अधिनियम को निरस्त किया जाना चाहिए।

### चैंबर के इतिहास में पहली बार बने 10 हजार से अधिक सदस्य



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान कार्यकाल में चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में 10 हजार से अधिक चैंबर सदस्य बने हैं। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में शुक्रवार को चैंबर भवन में केक सेरेमनी का आयोजन किया गया। चैंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने इस मौके पर कहा, ये मेरे लिए बहुत भावुक कर देने वाला क्षण है। यह उपलब्धि चैंबर के सभी व्यापारी भाइयों की उपलब्धि है। इस दौरान चैंबर के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# खरसिया से परमालकसा तक नई रेललाइन बिछाने की तैयारी में रेलवे

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

खास खबर

प्रदेश के दक्षिण क्षेत्र के लोगों को अब ट्रेन की सुविधा जल्द मिलने लगेगी। पूर्व और पश्चिम क्षेत्र में पटरी बिछाने के बाद अब रेलवे खरसिया से परमालकसा तक पटरियों का विस्तार करेगा, जिसके लिए रेल मंत्रालय से हरी झंडी मिल चुकी है।

नई रेल लाइन से शिवरीनारायण, लखोली, अभनपुर, राजिम होते हुए परमालकसा तक यात्रियों को ट्रेन की सुविधा मिलने लगेगी। प्रदेश में अब डबल इंजन की सरकार आने से प्रस्तावित रेल लाइन निर्माण की बाधा दूर होती दिखाई दे रही है। रेल मंत्रालय ने इस प्रोजेक्ट को अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी है। परियोजना में केंद्र और राज्य सरकार ने अपनी अपनी भागीदारी तय की थी। परियोजना की निर्माण लागत लगभग 4250 करोड़ व कुल लागत 8250 करोड़ रुपए बताई जा रही है, जिसमें भूमिपूजन की लागत परियोजना अवधि का लगने वाला ब्याज व प्राइस एक्सीलेंस अन्य व्यय सम्मिलित है। परियोजना को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत क्रियान्वित किया जाना है, ताकि ट्रैक बनने में आने वाले खर्च का बोझ कम हो सकेगा।

## पूर्व और पश्चिम क्षेत्र के बाद दक्षिण में होगा रेल लाइन का विस्तार, राज्य सरकार और रेलवे मिलकर करेंगे काम, शिवरीनारायण व अभनपुर और राजिम जाने मिलेगी ट्रेन

### समस्या से बचने रूट में किया परिवर्तन

तकनीकी व परिचालन संबंधित समस्याओं को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के साथ चर्चा कर छत्तीसगढ़ रेलवे कॉरपोरेशन द्वारा रेल मार्ग में आंशिक संशोधन करते हुए नए रूट का प्रस्ताव छत्तीसगढ़ शासन को प्रेषित किया गया था। नए रूट में रेल लाइन नया रायपुर क्षेत्र के अंदर से गुजरते हुए परमलाकसा रेलवे स्टेशन पर टर्मिनेट होना प्रस्तावित था। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा ट्रेनों के सुचारू रूप से परिचालन के लिए प्रस्ताव दिया गया कि रेल मार्ग नया रायपुर क्षेत्र के बाहर से ले जाया जाए, ताकि रेल मार्ग में पड़ने वाले सरफेस क्रॉसिंग को टाला जा सके। लंबित प्रक्रिया के बाद राज्य सरकार ने जनवरी में डीपीआर पर अपनी सहमति देकर इसे भारतीय रेलवे बोर्ड को सेशन के लिए भेजा था।



### नई रेल लाइन बनेगी

खरसिया से परमालकसा तक नई रेल लाइन बनेगी। इससे दक्षिण के यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा। शिवरीनारायण व अभनपुर और राजिम के लिए यात्रियों को ट्रेन मिल सकेगी।
**- अवधेश कुमार त्रिवेदी,** सीनियर डीसीएम, रायपुर मंडल

### 5 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद मंजूरी

खरसिया से परमालकसा नई रेल लाइन बिछाने की योजना 5 साल पहले सामने आई थी। इसके लिए भूमि अधिग्रहण का काम शुरू भी हो गया था, लेकिन रेलवे के मुताबिक पिछली सरकार से सहयोग नहीं मिलने से रेलवे ने तय किया कि रेलवे खुद यह रेल लाइन बनाएगा, लेकिन छत्तीसगढ़ में सरकार बदलने के बाद अब राज्य सरकार और रेलवे की मदद से नई लाइन का विस्तार करने की तैयारी है।

## निगम के सभी जोन में 3 से 4 वार्डों की सीमा बदलने से बढ़ेगी लोगों की परेशानी

# 70 वार्डों के परिसीमन से 6 साल में दूसरी बार सीमाएं व 20 हजार से ज्यादा का बदलेगा पता

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

हरिभूमि सरोकार

निगम के अफसरों में जून से ही 70 वार्डों के परिसीमन और सीमा विभाजन के लिए घमासान मचा है। अब हर बूथ में 12 से 15 हजार मतदाताओं को आधार बनाकर वार्डों की सीमा बदलने की मुहिम तेज हुई है। इस बदलाव से मतदाताओं की संख्या व आबादी के लिहाज से सीमाएं बदली जाएंगी। यह प्रक्रिया 10 साल में दूसरी बार होने से 20 हजार से ज्यादा परिवारों के घर का पता बदलने वाला है। इसे दुरुस्त कराने के लिए लोगों को दौड़-भाग करनी होगी। राजधानी में निगम के सभी वार्डों को 10 जोन में बांटा गया है। हर जोन में पुरानी व्यवस्था के तहत 7-7 वार्ड ही रहने वाले हैं। 2011 के बाद अभी तक जनगणना नहीं हुई है, लेकिन वार्डों की सीमाएं इस बीच दूसरी बार बदलने की तैयारी है। इससे किस तरह की दिक्कतें आने वाली हैं, इसको लेकर हरिभूमि ने जब कुछ जोन क्षेत्र का जायजा लिया, तो पता चला कि कई वार्डों की अलग-अलग बस्तियों में रहने वाले लोगों का वार्ड बदलने से उनको आधार, पेन, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक पासबुक के साथ ही राशन कार्ड में भी पता बदलेगा। इसके लिए लोगों को कई बार अलग-अलग दफ्तरों में चक्कर भी लगाना होगा। इस तरह की समस्या हर जोन के 3 से 4 वार्डों में खड़ी होगी। इसका असर हर वार्ड के 250 से 300 परिवारों पर इस बार भी पड़ने वाला है।

### परिसीमन में बदल जाएंगे वार्ड

परिसीमन में वार्ड की चारों दिशा से सीमाएं जांची जाएंगी। वार्ड की जनसंख्या देखी जाएगी। उनमें मकान-दुकान की स्थिति और वहां रहने वाले लोगों की जाति, अनुसूचित जाति-जनजाति के आंकड़ों को विभाग को भेजा जाएगा। जरूरत पड़ने पर वार्ड की बस्तियों को छोटे वार्ड में जोड़कर उनका वार्ड नंबर बदला जाएगा। इसका असर परिसीमन के बाद हर जोन के 3 से ज्यादा वार्डों के छोटे-छोटे मोहल्लों में रहने वाले 20 हजार से ज्यादा परिवारों पर पड़ने वाला है, क्योंकि उनका वार्ड नंबर बदलेगा।



- 2011 के बाद अभी तक जनगणना नहीं हुई है

### प्रारूप तैयार, बदलेंगे कुछ वार्ड

शासन के आदेश पर चुनाव से पहले वार्डों का परिसीमन होना है। इसके लिए तय बिन्दुओं के आधार पर प्रारूप तैयार किया गया है। स्वीकृति मिलने के बाद कई बस्तियों में रहने वाले लोगों के वार्ड बदलेंगे।
**- यूएस अग्रवाल,** अपर आयुक्त, नगर निगम, रायपुर

### निगम एक्ट के तहत यह नियम

परिसीमन को लेकर मेयर एजाज ढेबर की अध्यक्षता में हुई बैठक में चर्चा के बाद परिसीमन के विरोध में एजेंडा भी पास किया जा सकता है। पार्षद दल का मत है कि नगर निगम एक्ट में वार्डों का 10 वर्ष में परिसीमन करने का नियम है। 2019 में निगम चुनाव से पहले यानी 2018 से ही तैयारी शुरू हुई थी। अब 2024 में चुनाव से पहले एक बार फिर पुरानी जनगणना के हिसाब से शहर के 70 वार्डों का परिसीमन सिर्फ सभी बूथों में मतदाताओं की संख्या एवरेज 12 से 15 हजार करने के लिए हो रहा है।

### केस 1

प्रीतम यादव ने बताया कि 2018-19 में किए गए परिसीमन में श्रीनगर का एक हिस्सा नेताजी कन्हैया लाल बाजारी वार्ड में जुड़ा। अब वीर शिवाजी वार्ड में शामिल होने से हर दस्तावेज में पता चेंज कराने के लिए फिर से भटकने की नौबत आ गई।

### केस 2

मुरली नायडू का निवास अभी कन्हैया लाल बाजारी वार्ड की सीमा में झंडा चौक के पास है। शासन के आदेश पर होने वाले परिसीमन में अब झंडा चौक एरिया वार्ड नंबर 17 यानी ठक्कर बापा वार्ड में जुड़ने से राशन दुकान का पता भी बदल जाएगा।

### केस 3

न्यू राजेन्द्र नगर के जनता क्वार्टर को पहले वार्ड 46 में शामिल किया गया था। इससे इंद्रेश पांडेय का वार्ड बदला और वे वार्ड 50 में शामिल हुए। अब किए जा रहे परिसीमन में उनका पता और वार्ड एक बार फिर बदलकर उन्हें वार्ड 52 में जोड़ा जाएगा।

# तहसीलदारों को मिला आश्वासन स्थगित की हड़ताल, मांग पूरी नहीं होने पर 22 से अनिश्चितकालीन




**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

प्रदेशभर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार संघ ने शुक्रवार को प्रदेश राजस्व सचिव से मिले आश्वास के बाद हड़ताल स्थगित कर दी है। हालांकि हड़ताल स्थगित करने के साथ संघ ने चेतावनी भी दी है, यदि उनकी दो प्रमुख मांग आगामी 10 दिनों के भीतर पूरा नहीं किया जाता है तो आगामी 22 जुलाई से पुनः अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।

संघ के प्रांताध्यक्ष नीलमणि दुबे ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर उन्होंने प्रदेश राजस्व सचिव को ज्ञापन सौंपा था। इस ज्ञापन में तीन दिन की हड़ताल की घोषणा की थी। हड़ताल के तीसरे दिन संघ के कार्यकारिणी सदस्यों ने पुनः राजस्व सचिव से अपनी मांगों को लेकर मुलाकात कर चर्चा की। इस चर्चा में तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर प्रमोशन में 50-50 प्रतिशत, नायब तहसीलदारों को राजपत्रित बनाए जाने तथा जजेस प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस आश्वासन के साथ इससे संबंधित फाइल को आगे बढ़ाने की बात भी कहीं गई है। इस आश्वासन के बाद संघ ने हड़ताल को स्थगित कर दिया है।

### दस दिन का अल्टीमेटम

राजस्व सचिव से मिले आश्वासन के बाद संघ ने हड़ताल जरूर स्थगित कर दी है, लेकिन इसके साथ ही अल्टीमेटम भी दिया है। संघ ने राजस्व सचिव से कहा है कि तहसीलदारों की न्यायालयवार सुरक्षा देने, अधीक्षक सहायक अधीक्षक भू अभिलेख को तहसीलदार बनाने तथा तहसीलदार नायब तहसीलदार को उनके पद के विपरीत अटैच किए जाने के संबंध में अगर आगामी 10 दिनों के भीतर कोई ठोस कदम उठाया नहीं गया तो 22 जुलाई से संघ अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।

# सिकलसेल, किडनी की बीमारी पर मिलकर काम करेंगे एम्स और आईजीएनटीयू




**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

- दोनों संस्थानों में होने वाले रिसर्च पर करेंगे सहयोग, हुआ एमओयू

ग्रामीण इलाकों में सिकलसेल, किडनी की बीमारी तथा आनुवांशिक रोगों की रोकथाम के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर और इंदिरा गांधी नेशनल ट्रायबल विवि अमरकंटक मिलकर काम करेंगे। विभिन्न परियोजनाओं में उनके द्वारा एक दूसरे का सहयोग किया जाएगा और ग्रामीण इलाकों में जागरूकता लाने की कोशिश होगी।

दोनों संस्थाओं के बीच हुए एमओयू के दौरान ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य संबंधी समस्या और उनमें जागरूकता की कमी पर चिंता जताई गई है। इस दौरान एम्स के निदेशक अशोक जिंदल ने बताया कि एम्स जेनेटिक रोग विशेषकर सिकलसेल पर रिसर्च कर रहा है। इसके लिए एक जेनेटिक लैब की स्थापना की जाएगी। इस दौरान आईजीएनटीयू के कुलपति प्रकाशमणि त्रिपाठी ने कहा कि ट्रायबल इलाके में त्वचा रोग, कैंसर और किडनी की विपलता के अधिक मामले चिंता का कारण हैं। उन्होंने बताया कि विवि हर्बल मेडिसिन, स्किल डेवलपमेंट और योग पर काम कर रहा है। उनके द्वारा जेनेटिक लैब की स्थापना के लिए हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन भी दिया गया। एम्स प्रबंधन उन्हें ग्रामीण इलाकों में जन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने में सहयोग करेगा।

# आरडी तिवारी स्कूल पीएम श्री योजना में मूणत के प्रयास को मिली सफलता

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**




रायपुर शहर के आरडी तिवारी स्कूल को पीएम श्री योजना में शामिल किया गया है। स्कूल को केंद्र सरकार की योजना में शामिल करवाने में पूर्व कैबिनेट मंत्री और स्थानीय विधायक राजेश मूणत की अहम भूमिका रही है। श्री मूणत ने बताया, पीएम श्री योजना में शामिल होने के बाद स्कूल को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, स्मार्ट क्लासरूम और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस किया जाएगा।

श्री मूणत ने कहा, छत्तीसगढ़ में अब भाजपा की सरकार है। डबल इंजन की सरकार होने का लाभ आमजनों को मिलना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया, प्रधानमंत्री स्कूल फार राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना के तहत आरडी तिवारी स्कूल समेत 52 अन्य स्कूलों को शामिल कर लिया गया है। समग्र शिक्षा के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार ने इन स्कूलों के नामों पर अंतिम मुहर लगा दी है। श्री मूणत ने बताया, पीएमश्री योजना के दायरे में आने वाले स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, वर्चुअल रियल्टी, रोबोटिक टेक्नोलाजी के साथ अध्ययन-अध्यापन की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा इन स्कूलों को ग्रीन स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा।

यहां सौर पॉवर की सुविधा होगी। इनडोर गेम सुविधा, कैरियर गाइडेंस, एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा। अधोसंरचना के साथ आईसीटी स्मार्ट क्लास की सुविधा दी जाएगी।

# आदतन बदमाश ने नशे की हालत में दर्जनभर दुकानों में की तोड़फोड़, गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**



- कालोनी में आए दिन आरोपी नशे की हालत में कोई न कोई अपराध करता रहता है

बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड व्यवसायिक परिसर में शुक्रवार को एक आदतन अपराधी ने नशे की हालत में जमकर उपद्रव मचाया। आरोपी ने करीब दर्जनभर दुकानों में जाकर तोड़फोड़ कर दी। घटना के बाद पुलिस ने दुकान संचालकों की रिपोर्ट पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी पुराना बदमाश है। कुछ मामलों में जेल भी जा चुका है। इस तरह कालोनी में आए दिन आरोपी नशे की हालत में कोई न कोई अपराध करता रहता है, जिससे हर कोई परेशान है। इसे देखते हुए दुकानदार व कालोनीवासियों ने आरोपी को जिलाबदर किए जाने की भी मांग की है।

मुजगहन थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बोरियाकला निवासी अमित सोनी सुबह करीब 11.30 बजे नशे की हालत में हाउसिंग बोर्ड व्यवसायिक परिसर पहुंचा और यहां करीब दर्जनभर दुकानों में बारी-बारी से जाकर गाली-गलौज करते हुए लोहे के हथियार से जमकर तोड़फोड़ की। इस घटना से सभी दुकानदार भयभीत हैं। दुकानदारों ने घटना के कुछ देर बाद थाने में जाकर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट के बाद अमित को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तोड़फोड़ में उपयोग में लाया गया हथियार जब्त किया है। एक दुकानदार ने आरोपी के भय से नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि आरोपी के आतंक से कालोनीवासी भयभीत हैं, इसलिए कालोनीवासियों ने अब आरोपी को जिलाबदर किए जाने की मांग पुलिस से की है।

### आवारा मवेशियों की धरपकड़ जारी

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में आवारा मवेशियों की धरपकड़ का अभियान जारी है। इस क्रम में शुक्रवार को अभियान चलाकर नगर निगम जोन-6 की काऊकैचर टीम द्वारा जोन के क्षेत्र के तहत नरैया तालाब के पास पुलिस लाइन मार्ग में 10 आवारा मवेशियों की धरपकड़ काऊकैचर वाहन एवं विशेष टीम के श्रमवीरों की सहायता से की गई। इसी प्रकार जोन-4 की काऊकैचर टीम द्वारा जयस्तंभ चौक वार्ड क्रमांक 46 क्षेत्र से 2 और 2 पीडब्ल्यूडी चौक वार्ड क्रमांक 57 के एक तथा बूढ़ापारा वार्ड क्रमांक 45 से 1, इस प्रकार कुल 4 आवारा मवेशियों की धरपकड़ काऊकैचर वाहन और विशेष टीम के श्रमवीरों की सहायता से की गई।

# एक नवंबर से लागू होगी नई औद्योगिक नीति : देवांगन

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**




- नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सेमिनार

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा है कि प्रदेश की नई औद्योगिक नीति 1 नवम्बर 2024 से लागू होगी। नई औद्योगिक नीति के आधार पर यहां निवेश करने का एक बड़ा आकर्षण होगा, जो न केवल राज्य के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को और मजबूती प्रदान करेगा। इससे प्रदेश में बेहतर औद्योगिक वातावरण का निर्माण होगा और प्रदेश के निवासियों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खनिज संसाधनों से भरपूर छत्तीसगढ़ में उद्योग धंधे स्थापित करने की भरपूर संभावनाएं हैं।

मंत्री श्री देवांगन ने शुक्रवार शाम रायपुर के तेलीबांधा स्थित एक निजी होटल में आयोजित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सेमिनार के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सरकार का गठन हुए 7 महीने होने जा रहा है। इसमें 3 महीना लोकसभा चुनाव की आदर्श आचरण संहिता में बीत गए। प्रदेश की नई सरकार को काम करने का मात्र तीन महीना ही अभी मिल पाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से छत्तीसगढ़ में अब डबल इंजन की सरकार हो गई है। इससे प्रदेश का तेजी से विकास होगा।

### एनएसई में राज्य की छह कंपनियां शामिल

छत्तीसगढ़ राज्य में लगभग 600 बड़ी कंपनियां संचालित हैं, जिनमें से हाल ही में राज्य की 6 इकाइयां क्रमशः श्री वासु लॉजिस्टिक लिमि, जैनम फेयरो एलोएस लिमि. केएन एग्री रिसोर्सेस लिमि., अर्हम टेक्नालॉजिस लिमि., चमन मेटालिक्स लिमि. एवं एटमास्टको लिमि. एनएसई में सूचीबद्ध हुई है, जबकि देश में लगभग 2512 कंपनियां एनएसई में रजिस्टर्ड हैं, जिनकी कुल बाजार पूंजी 464.38 लाख करोड़ है। उन्होंने उम्मीद जताई की आगामी वर्षों में देश की कुल बाजार पूंजी में छत्तीसगढ़ का भी योगदान निरंतर बढ़ता रहेगा।

### उद्योग विभाग सेमिनार में शामिल

उद्योग विभाग के समन्वय से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में स्थानीय उद्योगों और कंपनियों को शेयर मार्केट के माध्यम से निवेश प्राप्त करने हेतु नेशनल स्टॉक एक्सचेंज में लिस्टिंग करने के लिए मार्गदर्शन दिया गया। स्थानीय कंपनियों के स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से आईपीओ जारी करने और निवेश प्राप्त करने के लिए एक प्लेटफॉर्म के रूप में यह आयोजन काफी मददगार साबित हुआ।

# बांग्लादेशी फ्लाइट का नहीं निकला हल चार करोड़ तक पहुंच गया पार्किंग किराया

- पिछले नौ साल से विमानतल पर खड़ी हुई, केंद्रीय स्तर पर मामला

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर**

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर पिछले नौ साल से खड़ी बांग्लादेश का इमरजेंसी लैंडिंग करने वाली फ्लाइट की वापसी का रास्ता अब तक नहीं निकल पाया है। खड़े-खड़े ही उसका किराया चार करोड़ तक पहुंच गया है। इस मामले को केंद्रीय स्तर पर सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है, जिस पर अब तक बड़ी सफलता नहीं मिली है।

सात अगस्त को 2015 को ढाका से मस्कट की यात्रा के दौरान खराबी आने की वजह से इस एयरक्राफ्ट को रायपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया था। उस दौरान यह कोई नहीं जानता था कि उस फ्लाइट की वापसी संभव नहीं होगी। लगभग 180 करोड़ रुपए लागत वाली इस फ्लाइट के यात्री दूसरे दिन अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए, कुछ दिन जांच और अन्य औपचारिकता पूरी कर एयरक्राफ्ट के पायलट सहित अन्य स्टाफ बांग्लादेश के लिए रवाना हो गए और फ्लाइट यहीं रह गई। नौ साल से यहीं खड़ी फ्लाइट का पार्किंग किराया जो अब लगभग चार करोड़ तक पहुंच गया है, उसकी वसूली के लिए नीलामी की प्रक्रिया पूरी करने केंद्रीय स्तर पर प्रयास चल रहा है।


फाइल फोटो

इस मामले में शुरुआती दौर में 2 दर्जन से ज्यादा ई-मेल लिखने और विदेश मंत्रालय के दबाव के बाद अब इस एयरलाइंस कंपनी ने केंद्रीय और रायपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी को विमान को बेचकर एयरपोर्ट की पार्किंग समेत दूसरे शुल्क अदा करने का भरोसा दिलाया था। इसके लिए विमानन कंपनी के प्रतिनिधि रायपुर आने वाले थे, मगर बाद में ऐसा कुछ हो नहीं पाया। सूत्रों का कहना है कि एयरक्राफ्ट पूरी तरह खराब हो चुका है।

### इंजन में लगी थी आग खेत में गिरा था हिस्सा

सफर के दौरान इस विमान का इंजन फेल हो गया था। इसमें 173 यात्री सवार थे। रायपुर से करीब 90 किलोमीटर दूर बेमेतरा में इंजन का एक हिस्सा आग लगने की वजह से टूटकर खेत में गिर गया था। उस समय इमरजेंसी में विमान को उतारने की अनुमति पायलट ने मांगी थी।

### ट्रायल भी हुआ था

शुरुआती दौर में इस बिगड़े एयरक्राफ्ट को काफी मशक्कत के बाद सुधारा गया था। विमानन कंपनी के प्रतिनिधि और पायलट यहां आए थे और इसका रनवे पर ट्रायल हुआ था, मगर उड़ान की अनुमति नहीं होने की वजह से इसे रोक दिया गया। उस दौरान अधिकारी अनुमति पत्र लाने गए और वापस ही नहीं लौटे।

## खबर संक्षेप



### शहीद स्मारक में पौधरोपण आज

**महासमुंद।** शहीद स्मारक खरोरा में आज नारियल के 20 पौधे लगाए जाएंगे। एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत युवराज सिंह चंद्राकर के पुत्र वसुदेव चंद्राकर के जन्मदिवस पर और नंद किशोर सिन्हा की पुत्री वाणी सिन्हा, टीया सिन्हा की तरफ से शहीद स्मारक में नारियल पौधरोपण किया जाएगा। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि सभी सैनिक परिवार, शहीद स्मारक के सदस्यगण तथा सभी अग्नि वीर के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं को पौधरोपण कार्यक्रम में सुबह 6 बजे पहुंचने की अपील की है।

### बैंक कर्मचारियों के रवैए से उपभोक्ता परेशान

**महासमुंद।** बैंक कर्मचारियों के उपेक्षापूर्ण रवैए के चलते उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। वार्ड क्रमांक 8 नयापारा निवासी मनीष कुमार दुबे ने बताया कि स्थानीय बैंक ऑफ इंडिया शाखा के कर्मचारियों द्वारा आने वाले ग्राहकों के साथ उपेक्षापूर्ण व्यवहार किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस शाखा में वार्ड क्रमांक 8 के अधिकतर रहवासियों का पीएम जनधन खाता है। बैंक कार्य में किसी तरह की दिक्कत आने पर भी यहां के कर्मचारियों द्वारा मार्गदर्शन एवं सहयोग से परहेज किया जाता है।

### हाईवे में भालू से टकराया बाइक सवार, गंभीर रूप से घायल

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे-53 में भालू से टकराकर बाइक सवाल घायल हो गया। उसे गंभीर चोटें आई है। राहगीरों ने 112 एंबुलेंस से घायल युवक को अस्पताल रेफर किया। जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि युवक के स्वास्थ्य में सुधार आते ही उससे घटना के संबंध में पूछताछ की जाएगी। बता दें कि जिले में इन दिनों भालू का खतरा बढ़ गया है। पिछले दिनों बागबाहरा वन परिक्षेत्र के ग्राम कसेकेरा में खेत में काम कर रही महिला पर भालू ने हमला कर दिया। खेत के आसपास काम कर रहे लोगों ने किसी तरह भालू को भगाकर महिला को बचाया। वन विभाग ने ग्रामीणों को अलर्ट रहने कहा है। वन विभाग ने ग्रामीणों को चेतावनी दी है कि गांव से लगे जंगल या उसके आसपास न जाएं। बता दें कि ग्राम कसेकेरा व आसपास के गांव जंगल के समीप है। यह भालू प्रभावित क्षेत्र हैं। यहां पहले भी भालू के हमले होते रहे हैं।

# गुजारा भत्ता को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले से मुस्लिम महिलाओं को काफी राहत मिली : सांसद रूपकुमारी

**भाजपा सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा-आज संविधान और आरक्षण के नाम पर झूठ फैलाकर षड्यंत्रपूर्ण नैरेटिव चला रही कांग्रेस को फुर्सत निकालकर अपने अतीत और गिरेबां को भी खंगाल लेना चाहिए**

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी की संसद सदस्य रूपकुमारी चौधरी ने सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले का स्वागत किया है, जिसमें कहा गया है कि कोई भी तलाकशुदा मुस्लिम महिला सीआरपीसी की धारा 125 के तहत पति से गुजारा भत्ता लेने की हकदार है। उन्होंने कहा कि यह फैसला ऐतिहासिक है और तीन तलाक के चलते अपने भविष्य और अस्तित्व को लेकर फिक्रमंद मुस्लिम महिलाओं को इस फैसले से काफी राहत मिलेगी।

भाजपा सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि यह फैसला सन 1986 में कांग्रेस की तत्कालीन केंद्र सरकार, जब स्व. राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे, की तुष्टिकरण की राजनीति से प्रेरित उस भूमिका पर सवाल खड़ा करता है जब शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला पलटने के लिए तत्कालीन राजीव सरकार ने संविधान बदल डाला था। उन्होंने कहा कि आज संविधान और आरक्षण के नाम पर झूठ फैलाकर षड्यंत्रपूर्ण नैरेटिव चला रही कांग्रेस को फुर्सत निकालकर अपने अतीत और गिरेबां को भी खंगाल लेना चाहिए। तब सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद राजीव सरकार ने किस तरह मौलवियों के आगे घुटने टेके थे, यह सारा देश जानता है और बहुमत के बल पर संविधान बदलकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को पलट दिया था। श्रीमती चौधरी ने कहा कि मुस्लिम



जमात का वोट बैंक के तौर पर सियासी इस्तेमाल तो कांग्रेस खूब करती है, लेकिन मुस्लिम महिलाओं के साथ हो रहे अन्याय से आंखें मूंद लेती है। भाजपा संसद सदस्य श्रीमती चौधरी ने कहा कि केंद्र में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाली सरकार बनी तब पहली बार तीन तलाक पर बने सख्त कानून से मुस्लिम महिलाओं को सामाजिक व पारिवारिक सुरक्षा की गारंटी मिली। सुप्रीम कोर्ट के इस ताजा फैसले के बाद अब समय आ गया है कि देश का जनमानस समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लेकर सकारात्मक वातावरण बनाए ताकि सभी वर्ग, समुदाय व धर्म की महिलाओं का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि गुजारा भत्ता के अधिकार पर एक बार फिर मुहर लगने के बाद मुस्लिम महिलाओं की खुशी का ठिकाना नहीं हैं। वर्तमान सरकार पर उनका विश्वास इतना गहरा है कि अब वे भी समान नागरिक संहिता लागू होते देखना चाहती हैं और बदलते भारत में संवैधानिक अधिकारों पर मजबूती से बात कर रही हैं। श्रीमती चौधरी ने कहा कि न्यायालय के इस आदेश से परिवार के टूटने की आशका कम होगी। उन्होंने शरीयत का हवाला देकर मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड द्वारा इस फैसले का विरोध करने को दुर्भाग्यपूर्ण माना और कहा कि जब-जब शरिया के नाम पर कट्टरपंथियों ने मुस्लिम महिलाओं की दबाने और कुचलने की कोशिश की, तब सुप्रीम कोर्ट आगे आया है। अगर देश संप्रदाय निरपेक्ष है तो मुस्लिमों के लिए अलग और हिंदुओं के लिए अलग कानून नहीं होना चाहिए। श्रीमती चौधरी ने कहा कि यह फैसला उन पुरुषों पर लगाम लगाएगा जो महिलाओं की इज्जत नहीं करते, उन्हें घर से मनमानी तरीके से बेदखल कर देते हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से देश की मुस्लिम महिलाओं को उनका वाजिब अधिकार मिल सकेगा।

## सड़क गड्ढों में तब्दील, गड्ढों को भरने विधायक ने दिया 3 दिन का अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

- 3 दिन में गड्ढा नहीं भरने की स्थिति में ग्रामीणों के साथ पीडब्ल्यूडी ऑफिस घेराव करने की दी चेतावनी

विधायक चातुरी नंद क्षेत्र का दौरा कर लगातार सड़क, बिजली और पेयजल की समस्या को मुखरता से उठा रही है। इसी कड़ी में विधायक चातुरी नंद सागरपाली में गड्ढों में तब्दील हो चुके सड़क को देखकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों पर बिफर पड़ी और गड्ढों को भरने 3 दिन का अल्टीमेटम दिया।



मीडिया को जानकारी देते हुए विधायक चातुरी नंद ने बताया कि सरायपाली-सरसीवां सड़क की स्थिति बेहद ही खराब है। सागरपाली में सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो चुका है। आज दौरे के दौरान सागरपाली में रुककर पीडब्ल्यूडी के एसडीओ से बात कर गड्ढों को पाटने के निर्देश दिए। अगर 3 दिवस के अंदर गड्ढों को भरा नहीं गया तो ग्रामीणों के साथ पीडब्ल्यूडी ऑफिस का घेराव किया जाएगा। बता दें कि विधायक चातुरी नंद की अनुशंसा पर सरायपाली-सरसीवा सड़क के लिए बजट में राशि का प्रावधान किया जा चुका है। परंतु प्रशासकीय स्वीकृति नहीं मिलने से काम अटका हुआ है। विधायक नंद के साथ निरीक्षण के दौरान ग्राम पंचायत सागर पाली के चिंतामणि विशाल सरपंच प्रतिनिधि मुन्ना अग्रवाल, सरायपाली शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष भरत मेश्राम, युवा कांग्रेस नेता अरमान हुसैन, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष भीष्मदेव पटेल, प्रशांत पटेल, जयंत यादव समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## बिंद्रावन स्कूल में बाल कैबिनेट का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा



शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिंद्रावन में बैग लेस डे के अवसर पर बाल कैबिनेट का गठन किया गया। सर्वप्रथम बाल कैबिनेट सांसद के पद पर बच्चों का नाम बच्चों द्वारा प्रस्तावित किया गया। जिसमें बच्चों ने अपने पक्ष मतदान करने के लिए प्रचार भी किया गया। बाल संसद के पद पर चयन प्रक्रिया बच्चों द्वारा हाथ उठाकर किया गया। आठ बाल सांसदों ने आपसी सहमति से प्रधानमंत्री के पद पर रोशनी का चयन किया। इसके पश्चात अन्य पद अनुशासन मंत्री लक्ष्मी, वित्त मंत्री चांदनी, सांस्कृतिक एवं खेल मंत्री लक्ष्मी, उद्योग मंत्री कुसुम, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री हेमसागर एवं उद्यानिकी एवं पर्यावरण मंत्री के रूप में दीपांजलि का चयन किया गया। इसके पश्चात सभी कक्षाओं का कप्तान एवं उप कप्तान का चयन किया गया। जिसमें कक्षा आठवीं से कप्तान लक्ष्मी एवं उप कप्तान पूर्वेश, कक्षा सातवीं से कप्तान आरती एवं उपकप्तान रूपम का चयन किया गया। इस तरह कक्षा छठवीं से कप्तान के रूप में परमेश्वरी एवं उप कप्तान के रूप में संजना का चयन किया गया। चुने हुए सभी बाल कैबिनेट एवं कक्षा के प्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण शाला के शिक्षक राम प्रसाद साहू द्वारा कराया गया। बाल कैबिनेट के चयन प्रक्रिया में शाला के शिक्षक गोविंद सिंह चक्रधारी एवं वैशाली निगम ने उनके कार्यों एवं दायित्वों का बच्चों को बोध कराया। उन्हें सालभर अपने कर्तव्य पथ पर चलने के लिए प्रेरित किया।

## 26 से मुंगेली में आयोजित होने जा रही जूनियर स्टेट चैंपियनशिप, अंतरराष्ट्रीय रेटिंग स्पर्धा की मिली मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज के मार्गदर्शन में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विशेष सहयोग से मुंगेली में मुंगेली जिला शतरंज संघ द्वारा जूनियर चेस चैंपियनशिप का आयोजन 26 जुलाई से 29 जुलाई तक किया जा रहा है। इस स्पर्धा में 19 वर्ष से नीचे के बालक-बालिका भाग ले सकते हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के राज्य सचिव हेमंत खुटे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस स्पर्धा के आधार पर प्रदेश टीम बनेगी जिसमें दोनों वर्गों से 4-4 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए किया जाएगा। इस स्पर्धा को अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिली हुई है। जिससे शतरंज के उदीयमान खिलाड़ी अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अंतरराष्ट्रीय वरीयता प्राप्त कर सकते है। वहीं पहले से ही अंतरराष्ट्रीय वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अपनी रेटिंग में इजाफा कर सकते हैं। इस स्पर्धा के बालक वर्ग में विजेता को 7000 रुपए व ट्रॉफी तथा उप विजेता को 5000 रुपए व ट्रॉफी प्रदान किए जाएंगे। तीसरे से छठवें स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 3000, 2000, 1500-1500 रुपए की नगद राशि व मोमेंटो देकर सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह से बालिका वर्ग में विजेता को 5000 व ट्रॉफी तथा उपविजेता को 4000 रुपए व ट्रॉफी पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे। तीसरे से छठवें स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को क्रमशः 3000, 2000, 1500-1500 व मोमेंटो इनाम के रूप में मिलेगा। स्पर्धा स्विस लीग पद्धति से 9 चक्रों में खेला जाएगा। प्रतिभागियों को पूरे चक्र खेलना होगा। सर्वाधिक अंकों के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। प्रत्येक खिलाड़ियों को स्पर्धा के दरमियान 1-1 घंटा का समय प्रत्येक चाल पर 30 सेकंड का इंक्रीमेंट के साथ दिया जाएगा। स्पर्धा में छत्तीसगढ़ में निवासरत कोई भी इच्छुक खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

सभी खिलाड़ियों का वर्तमान में राज्य संघ व ऑल इंडिया चेस फेडरेशन से जीवित पंजीयन आवश्यक है। इस स्पर्धा में 1000 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र बस्तर व सरगुजा संभाग के खिलाड़ियों के लिए विशेष छूट के तहत 50 प्रतिशत रियायत देते हुए 500 रुपए निर्धारित किया गया है। खिलाड़ियों के रुकने के लिए निःशुल्क डॉरमेट्री की व्यवस्था की गई है। उक्त स्पर्धा में भाग लेने की अंतिम तिथि 19 जुलाई रात्रि 9 बजे तथा 250 रुपए विलंब शुल्क के साथ 22 जुलाई रात्रि 9 बजे निर्धारित है।

## इवास वुडलैंड स्कूल में हुआ पालक सम्मेलन

**स्कूल की छात्रा महक अग्रवाल को स्मृति चिन्ह भेंटकर किया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली



अर्पित शिक्षा समिति द्वारा संचालित इवास वुडलैंड स्कूल मे प्रथम पालक बैठक आयोजित किया गया। सर्वप्रथम स्कूल संचालक एके मसीह द्वारा सभी पालकों का स्वागत किया गया व प्रार्थना के साथ बैठक की शुरुआत की गई। पश्चात प्राचार्या एस मसीह एवं डीआर साहू (अध्यक्ष, पालक समिति) द्वारा सभी उपस्थित पालकों का अभिवादन किया गया। स्कूल को पूरे छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान दिलाने के लिए महक अग्रवाल 12वीं का पूरे स्कूल परिवार और पालकों द्वारा स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया एवं सभी पालकों को भी उत्साहित किया गया कि वे भी अपने बच्चों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करें और आने वाले वर्ष में और भी बच्चे महक अग्रवाल की तरह लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करे और लक्ष्य को हासिल करें। शिक्षिका मसीह द्वारा महक अग्रवाल को अपना अनुभव पालकों के समक्ष रखने कहा।

जिस पर उसने बताया कि उसने 15 वर्ष स्कूल में बिताया और शुरू से ही एक लक्ष्य लेकर चलती रही कि मुझे पढ़ाई अच्छी करनी है, और जब 10वीं में टॉप टेन में 10वां रैंक आया तो चाह और बढ़ गई कि 12वीं में भी टॉप टेन में जगह बनानी है। स्कूल परिवार का नाम रौशन करना है। उम्मीद थी कि टॉप टेन में आऊ, लेकिन प्रथम आने पर मेरी खुशी डबल हो गई। जिस पर उसने प्राचार्या, सभी शिक्षकों को धन्यवाद दिया और उसने सारे पालकों से यही अपील किया कि खाली पढ़ाई ही नही, बल्कि हर क्षेत्र में बच्चों को उत्साहित करने के लिए पालकों को प्रेरित किया। उसके बाद सालभर में होने वाले पढ़ाई व गतिविधियों के लिए नर्सरी से 12वीं तक 3 भागों में बांटा गया है। जिसके प्रभारियों में ममता मिश्रा कक्षा नर्सरी से दूसरी, किशोरी खमारी कक्षा तीसरी से सातवीं, सुनंदा प्रधान कक्षा आठवीं से बारहवीं सभी प्रभारियों ने अपने-अपने संबोधन में होने वाले समस्याओं एवं उसके समाधान के लिए सभी पालकों का सहयोग मांगा। पालकों ने भी बैठक में अपनी बात रखी कई, अनेक सुझाव भी दिए और कई सारे बिंदुओं पर परिचर्चा की गई। अंत में दीपांजलि बारिक द्वारा स्कूल परिसर में महक अग्रवाल के साथ एवं समस्त स्टाफ द्वारा भी पौधरोपण किया गया। बैठक में लगभग 100 से ज्यादा पालकों उपस्थिति रही। आभार प्रदर्शन एके मसीह एवं कंदर्प साहू ने किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी सुशीम सिंह ने दी है।

## राष्ट्रीय चित्रकला स्पर्धा में श्वेत कुमार ने बनाया स्थान, हुआ सम्मान

**महासमुंद।** पीएसवाय राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान रिसर्च एवं एजुकेशन, नीति आयोग के अंतर्गत राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता सत्र 2023-24 के जिलेवार चयनित उम्मीदवारों की प्रथम मेधावी सूची का प्रकाशन किया गया था। जिसमें महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, और मध्यप्रदेश राज्य के छात्र-छात्राएं शामिल है। इस लिस्ट में 180 छात्र-छात्राओं को स्थान प्राप्त हुआ है, जिसमें आशी बाई गोलछा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद के कक्षा ग्यारहवीं के छात्र श्वेत कुमार ध्रुव को 161 स्थान प्राप्त हुआ है। चित्रकला का विषय मेरा स्वर्णिम भारत था, जिसके मार्गदर्शन शिक्षक एटील प्रभारी चंद्रशेखर मिथलेश रहे। विद्यालय की ओर से 2023-24 में 10 छात्र-छात्राओं का आवेदन जमा किया गया था। 9 जुलाई 2024 को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय रेडक्रॉस सभागार में मुख्य अतिथि सांसद लोकसभा रायपुर बृजमोहन अग्रवाल, संचालक लोक शिक्षण रायपुर एवं कलेक्टर रायपुर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह द्वारा प्रमाण पत्र और मेडल से श्वेत कुमार ध्रुव को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्राचार्य जीआर सिन्हा, विमल कुमार मन्नाडे, तोषण गिरी गोस्वामी, पीएल डड़सेना, विवेक राहटगांवकर, संजय कुमार मांझी, ज्योतिकिरण चंद्राकर, अनिता साहू एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।



## मीसाबंदी जगदीश ने संविधान हत्या दिवस के रूप में की गई घोषणा का किया स्वागत

**सरायपाली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारत सरकार द्वारा 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में की गई घोषणा का सरायपाली निवासी मीसाबंदी जगदीश लाल उबोवेजा ने स्वागत किया है। यह दिवस अब प्रतिवर्ष इंदिरा गांधी द्वारा लगाए गए आपातकाल में किए गए अत्याचार, प्रताड़ना व संविधान की हत्या किए जाने को लेकर अब प्रतिवर्ष याद किया जाएगा।

लगभग 90 वर्षीय बुजुर्ग मीसाबंदी जगदीशलाल उबोवेजा ने आपातकाल के दौरान 18 माह तक जेल में गुजारे। अपने वीभत्स समय को याद करते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार द्वारा अब 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने का निर्णय सचमुच स्वागत योग्य है। उन्हें कहा गया कि तुम अगर माफी मांगोगे तो तुम्हें रिहा कर दिया जाएगा, लेकिन उन्होंने कहा मैं इंदिरा गांधी और इस कांग्रेस शासन के काला कानून का विरोध करते रहूंगा और इस कारण से वह पूरे समय रायपुर एवं जबलपुर सेंट्रल जेल में बंद रहे।

वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी व मीसाबंदी जगदीश लाल उबोवेजा के पुत्र विपिन उबोवेजा ने बताया कि इसी साल 25 जून को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा अपने मुख्यमंत्री निवास स्थान पर मेरे पिता जगदीश लाल एवं अनेक आपातकाल के दौरान बंद रहे नेताओं एवं उनके परिवारों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुझे भी वहां जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, आज भारत सरकार द्वारा हर वर्ष 25 जून को संविधान हत्या दिवस मनाने का निर्णय लिए जाने पर लाखों परिवारों को जो इस काले कानून से पीड़ित थे, दिल को शांति मिलेगी। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति सभी मीसाबंदी व उनके परिजनों द्वारा आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## पांच दिवसीय रूपांतर कार्यशाला का हुआ समापन

**महासमुंद।** केंद्रीय विद्यालय में हिंदी विषय शिक्षकों के लिए आयोजित पंच दिवसीय रूपांतरण कार्यशाला का समापन हुआ। यह कार्यशाला 8 जुलाई को आरंभ हुई। कार्यक्रम के निर्देशक प्राचार्य संजय कंसल एवं संसाधक आकाश आर्य एवं ईशा भट्ट थे। कार्यशाला निदेशक संजय कंसल ने प्रतिभागी शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि जब हम नई अपेक्षाओं के अनुरूप ढलने के लिए तैयार नहीं होते हैं तब हमारे अस्तित्व पर संकट आ जाता है। केंद्रीय विद्यालय संगठन शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार एवं शोध के लिए जाना जाता है। पांच दिवसीय कार्यशाला में आकाश आर्य ने प्रतिभागी शिक्षकों से कहा कि आपका ज्ञान में कोई कमी नहीं है। किंतु, नई शिक्षा पद्धति नए ढंग से अधिगम की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए हम सभी को उन प्रक्रियाओं की सूक्ष्म विधियो एवं प्रभावी एवं उपयोगी गतिविधियों को जानना जरूरी है। छात्रों में सकारात्मक परिवर्तन के साथ ज्ञान के प्रायोगिक रूप को आत्मसात कर सकते हैं। ईशा भट्ट ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों से कहा कि आपका अनुभव मेरे मुझसे ज्यादा है। किंतु, पाठ्यक्रम की योग्यता आधारित मूल्यांकन की नई विधियों को हम सब जानकार प्रयोग कर अपनी शिक्षण प्रक्रिया को प्रभावी बना सकते हैं। सभी शिक्षकों को छह नए ग्रुप में बांटा गया था और सभी ने क्रियात्मक रूप से प्रशिक्षण को आत्मसात किया। प्रशिक्षण सत्र में विशेष रूप से अध्यापन के प्रभाव एवं अधिगम के मूल्यांकन को जांच करने के लिए प्रश्न पत्र के निर्माण में बढ़ती जाने वाली सावधानियां बरती जाने वाली सावधानियां पर चर्चा की गई। शिक्षकों ने कार्यशाला में प्रश्न पत्रों का निर्माण प्रश्न पूछने में सावधानी तथा प्रभावी पठन-पाठन प्रक्रिया की तकनीकियों को सीखा। योग्यता आधारित मूल्यांकन कार्यक्रम के पांचवें दिन शिक्षकों ने अपने द्वारा तैयार किए गए मूल्यांकन मदों की पैनलिंग और विश्लेषण में भाग लिया। प्रशिक्षण के अंत में समापन समारोह में विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से आए शिक्षकों में तालिब हुसैन ने ग़ज़ल, चेतन लाल आदित्य, मधु शर्मा एवं योगेश्वर साहू के साथ शिक्षक समूह ने छत्तीसगढ़ी गीत ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। रोशनी चंद्राकर एवं पुष्पध्वज नायक ने पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुभव साझा किए। कार्यक्रम का संचालन दशरथ राम यादव एवं गीतांजलि तथा आभार प्रकट संयोजक घनश्याम साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान अध्यापिका कांता एक्का, वंदना आचार्य, वंदिनी जौहरी, प्रभात देवांगन, सीताराम पटेल एवं सभी शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।



P.N. 796/24
10.07.24

**न्यायालय श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी डभरा, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**-: ईश्तहार ::-**

व्यवहार वाद क्रमांक 10 अ/2019
पेशी दिनांक 29.07.2024

पक्षकार :- संतोषी पटेल ................वादी
-//विरुद्ध //-
डोरीलाल वगैरह ..............प्रतिवादीगण
प्रति, 2- लम्बोदर वल्द पुरनसिंह पटेल, साकिन छिबर्रा, सराईपाली, बसना, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ

इस ईश्तहार के जरिये आप प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय में उपर लिखित वादी द्वारा प्रतिवादीगण के विरूद्ध ग्राम दर्री, प.ह.नं. 17, रा.नि.नं. चंद्रपुर, तहसील डभरा स्थित वादभूमि खसरा नंबर 57/3 रकबा 0.020, खसरा नंबर 138 रकबा 0.320, खसरा नंबर 140 रकबा 0.069, खसरा नंबर 161/3 रकबा 0.162, खसरा नंबर 269/4, 270/2 रकबा 0.117, खसरा नंबर 279/3 रकबा 0.093, खसरा नंबर 470, 471 / 2 रकबा 0.134, खसरा नंबर 473/2 रकबा 0.028 हेक्टेयर तथा ग्राम छिबर्रा, प.ह.नं 24, रा.नि.मं. सराईपाली, तहसील सराईपाली, जिला महासमुंद स्थित भूमि खसरा नंबर 172 रकबा 0.556, खसरा नंबर 183 रकबा 1.010, खसरा नंबर 185 रकबा 0.410, खसरा नंबर 197/3 रकबा 2.500, खसरा नंबर 322 रकबा 0.410, खसरा नंबर 173 रकबा 1.470, खसरा नंबर 199 रकबा 2.030 पर स्वत्व की घोषणा एवं पृथक बटवारा बाबत प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण प्रतिवादी क्र. 2 लम्बोदर की उपस्थिति हेतु लंबित है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.07.2024 को नियत किया गया है, अतः आपको सूचित किया जाता है कि यदि उक्त प्रकरण में आपका हित सम्मिलित हो तो आप पेशी दिनांक 29.07.2024 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रथम व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ श्रेणी डभरा के न्यायालय में ठीक 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना आपत्ति / लिखित कथन प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकरण की सुनवाई एवं निराकरण आपके अनुपस्थिति में ही किया जावेगा।

यदि किसी कारण वश उपरोक्त सुनवाई तिथि 29.07.2024 को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो अगली कार्य-दिवस को प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा।

आज दिनांक 10.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।
स्थान :- डभरा
दिनांक 10.07.2024

(श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी डभरा
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

**आत्मविश्वास और समझ बढ़ाने अभ्यास स्कूल के बच्चों को बाल सभा में सौंपी गई जिम्मेदारियां**

# बाल सभा के जरिए बच्चों में नेतृत्व क्षमता का होगा विकास : डेमेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बच्चों में आत्मविश्वास और समझ बढ़ाने के लिए जरूरी है कि उन्हें संस्थागत मंच प्रदान किया जाए, जिम्मेदारी मिलने से बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता है, और इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए अभ्यास प्राथमिक शाला महासमुंद में बाल सभा का गठन किया गया।

प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने बताया कि बाल सभा का सदस्य होने से बच्चों के समग्र विकास को प्रोत्साहन मिलता है। उनका मानना है कि बाल सभा के माध्यम से स्कूल की विभिन्न गतिविधियों के संचालन में बच्चों की भागीदारी बढ़ती है, उनमें बचपन से ही आनंदमयी तरीके से जिम्मेदारी का अहसास होने लगता है। उन्होंने बताया कि बाल सभा के माध्यम से बच्चों में चुनाव की समझ जागृत की गई। बताया गया कि चुनाव के लिए उम्मीदवारों को तय करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। यहां मंत्रियों के 50 फीसदी पदों पर बालिकाओं को जिम्मेदारी दी गई।



शपथ दिलाते हुए शिक्षक ममता डड़सेना ने बताया कि बाल सभा के सभी मंत्री प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक के मार्गदर्शन में काम करेंगे। उनको सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए बाल सभा के मंत्री अपनी टीम बनाएंगे और स्कूल के साथ मोहल्लों की गतिविधियों में सभी बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। शिक्षक खेमिन साहू और कल्याणी फेकर ने बच्चों को बताया कि उनकी जिम्मेदारी का कार्यकाल एक शैक्षणिक सत्र होगा। शिक्षक जायसी वर्मा और सरिता साहू ने बैठकों के आयोजनों से जुड़े बिंदुओं पर प्रकाश डाला और बताया कि बैठकें हर पंद्रह दिनों में होगी। प्रधान पाठक डेमेश्वरी गजेंद्र ने बताया कि बाल सभा के क्रियान्वयन के लिए शासन स्तर पर बजट का प्रावधान है, जिससे बच्चे स्कूल में विभिन्न गतिविधियां संचालित करेंगे। उन्होंने बताया कि बाल सभा में प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी श्रेयांश शर्मा, शिक्षा मंत्री जीविका भोई, खेल संस्कृति मंत्री सारिका ढीमर, स्वास्थ और स्वच्छता मंत्री पीहू बुंदेला, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री वरूण ध्रुव एवं सुरक्षा और जनसंपर्क मंत्री पूरब पटेल को दी गई है।

# नगरीय निकायों के अधिकारी-कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

छत्तीसगढ़ में इन दिनों नगरीय निकाय में

■ खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव को सौंपा ज्ञापन

काम करने वाले अधिकारी-कर्मचारी समय पर वेतन भुगतान नहीं प्राप्त होने के चलते बहुत ज्यादा परेशान हो रहे हैं। जिसके चलते नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान विधायक द्वारिकाधीश यादव को ज्ञापन सौंपते हुए अपनी परेशानी बताई।

सौंपे गए ज्ञापन में नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के पदाधिकारी व सदस्यों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों नगर पंचायत, नगर पालिका एवं नगर निगम में आए दिन कर्मचारियों की वेतन की समस्या बनी हुई है। कई कर्मचारियों को एक माह तो कई कर्मचारियों के चार-चार माह का वेतन का भुगतान लंबित है। जिसके चलते नगरीय निकायों में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों को परिवारों के पालन पोषण में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। और आर्थिक और मानसिक रूप से भी परेशान हैं। वही निकाय में वेतन समस्या को दूर किए जाने के लिए



छग शासन को बार-बार पत्र की माध्यम से आकर भी कराया जा रहा है। किंतु, शासन स्तर पर इसका निराकरण नहीं हो रहा है। इसलिए उन्होंने इस मामले में शासन का ध्यान आकर्षण करने विधायक यादव से निवेदन किया है।

## विधायक यादव ने लिखा नगरीय निकाय मंत्री को पत्र

नगरीय निकायों में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों द्वारा वेतन संबंधी समस्या का ज्ञापन सौंपे पर जाने के पश्चात विधायक द्वारिकाधीश यादव ने उक्त अधिकारी कर्मचारियों की समस्या को प्राथमिकता के आधार पर रखते हुए छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के नाम पर पत्र लिखा है। अपने लिखे गए पत्र में विधायक यादव ने नगरीय प्रशासन मंत्री साहू को नगरीय निकायों में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों की समस्या से अवगत कराते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के नगरीय निकाय के अधिकारी कर्मचारियों का समय पर नियमित वेतन भुगतान नहीं होने के चलते उन्हें अपने परिवार के भरण पोषण करने में सुविधा हो रही है, जिसकी जानकारी संगठन द्वारा दी गई है। जिसके चलते नगरीय निकाय क्षेत्रों में कार्य प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए संबंधितों का शीघ्र भुगतान करने विधायक यादव ने अपने लिखे गए पत्र में मांग की है। विधायक द्वारिकाधीश को ज्ञापन सौंपने के दौरान नगर पालिका बागबाहरा से पंकज हरपाल, विजय शंकर चंद्राकर, चंद्र सिंह मिर्धा, कमलजीत सिंह, श्याम लाल पटेल, डहरवाल, टीकम कुर्रे, बसंत साहू, सलीम खान, मणिलाल, नारायण, माखन, संतराम आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### आमाकोनी स्कूल में हुआ पौधारोपण

**महासमुंद।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय प्राथमिक शाला आमाकोनी में पौधरोपण किया गया। इस दौरान स्कूल परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों में नीम, जामुन एवं कटहल सहित विभिन्न प्रजातियों का पौधे रोपे गए।

### भोरिंग में बकला बाबा महोत्सव 11 अगस्त से

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग में बकला बाबा महोत्सव को लेकर आवश्यक बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से बकला बाबा का दो दिवसीय महोत्सव 11 एवं 12 अगस्त को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में चोवाराम विश्वकर्मा, श्यामलाल साहू, लोकनाथ गुरुजी, थानु गुरुजी, मदन साहू, वेद प्रकाश साहू पंच, मनीष साहू पंच, पूरन साहू, शारदा साहू,कार्तिक राम, नारायण साहू, तुलस राम, पिला दाऊ,मोनू साहू, दिनेश साहू, प्रीतम साहू, भूपेंद्र साहू, प्रह्लाद साहू, ओमकार साहू, टेमेंद साहू, खिलेश साहू, रंजीत यादव, दीनदयाल आदि मौजूद रहे। बता दें कि बकला बाबा महोत्सव प्रत्येक वर्ष दो दिवसीय होता है। जिसमें प्रथन दिवस भव्य शोभायात्रा माता शीतला मंदिर से निकलती है। वहीं संध्याकालीन कार्यक्रम में भजन संध्या का आयोजन होता है। महोत्सव के द्वितीय दिवस पर भोले बाबा का महारुद्राभिषेक, मां दुर्गा पूजा, हवन यज्ञ के बाद दोपहर में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। आयोजन समिति ने कार्यक्रम में शामिल होने महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को भी आमंत्रित किया गया है।

## मुलाकात: सीएचसी में बीएमओ की अनुपस्थिति पर व्यक्त की नाराजगी

# डायरिया पीड़ितों से मिलने अस्पताल पहुंची विधायक चातुरी, उचित इलाज के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती जलपुर और

**सीएचएमओ से चर्चा कर दिए स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश**

बिजातीपाली के डायरिया पीड़ित मरीजों को देखने क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद अस्पताल पहुंची। उन्होंने डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ को बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए और मरीजों से उनका हालचाल जाना। साथ ही अस्पताल में भर्ती सभी मरीजों को फल वितरित किए।

इस संबंध में मीडिया को जानकारी देते हुए विधायक चातुरी नंद ने बताया कि ग्राम जलपुर और बिजातीपाली में डायरिया फैलने की जानकारी मुझे ग्रामीणों से दूरभाष के माध्यम से मिली थी, जिस पर मैंने सीएचएमओ को गांव में कैंप लगाकर मरीजों का उपचार करने के निर्देश दिए थे। इसी कड़ी में आज सीएचसी में भर्ती किए हुए मरीजों को देखने पहुंची थी। विधायक नंद ने बताया कि



स्वास्थ्य विभाग के साथ ही स्वच्छ पेयजल हेतु पीएचई विभाग के अधिकारियों को उचित व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए गए है। इस दौरान शहर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष भरत मेश्राम, पार्षद सुरेश भोई, प्रशांत पटेल, एनएसयूआई के प्रदेश सह संयोजक जयंत यादव समेत डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### बीएमओ की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी

विधायक चातुरी नंद ने समय पर उपस्थित नहीं होने पर बीएमओ के प्रति नाराजगी जताते हुए सभी डॉक्टर्स और स्टॉफ को निर्धारित समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

### जलपुर पहुंचकर कैंप का लिया जायजा और मरीजों से की भेंट

विधायक चातुरी नंद अस्पताल से सीधे जलपुर पहुंची और स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कैंप का जायजा लिया। इसके साथ ही विधायक नंद ने अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर पहुंचे मरीजों से बातचीत कर उनके तबियत की जानकारी ली।

## तेंदूकोना में चलाया गया हेलमेट जागरुकता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तेंदूकोना

हेलमेट जागरुकता अभियान के अंतर्गत शनिवार को यहां के बस स्टैंड में थाना प्रभारी आरएस ठाकुर के नेतृत्व में हेलमेट जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना स्टाफ द्वारा आने जाने वाले दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के महत्व को बताया गया व बिना हेलमेट के सफर करने वालो को हेलमेट पहनकर सफर करने की समझाइश दी गई। साथ ही हेलमेट पहनकर सफर करने वालों को गुलाब फूल देकर सम्मान किया गया। उक्त अभियान की ग्रामीणों ने सराहना की है। इस दौरान तेंदूकोना थाना के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## हाईस्कूल में मनाया गया विश्व जनसंख्या दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

शासकीय हाईस्कूल रोहिना में विश्व जनसंख्या



दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का संचालन करते हुए व्याख्याता कमलेश साहू ने बताया कि विश्व की आबादी साढ़े 8 अरब के करीब हो चुकी है। जब 1987 को विश्व की आबादी 5 अरब हुई तब उस वर्ष से 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाने का निर्णय संयुक्त राष्ट्र संघ की महासभा में लिया गया। प्रभारी प्राचार्य एके जयसवाल ने विश्व जनसंख्या दिवस मनाने के औचित्य एवं प्रासंगिकता विषय पर अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसंख्या किस गति से बढ़ रही है, उसकी कल्पना नहीं कर सकते। जिस गति से बढ़ रही है उस गति से संसाधन नहीं बढ़ पा रहा है। जनसंख्या वृद्धि पर अंकुश नहीं लगा तो बढ़ती आबादी एक विकराल समस्या बन सकती है। छात्रों को प्रोजेक्टर के माध्यम से भयावह रूप से बढ़ती हुई जनसंख्या के आंकड़ों को दिखाया गया। कमलेश साहू ने बताया कि चित्रकला एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान संदीप सेठ, द्वितीय स्थान प्रिया गंधेल एवं तृतीय स्थान अजय राणा ने हासिल की। कार्यक्रम के दौरान बढ़ती हुई आबादी से होने वाले दुष्परिणामों को चित्र के माध्यम से दिखाया गया।

## भलेसर स्कूल में हुआ पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



**महासमुंद।** ग्राम भलेसर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा थे। उन्होंने पौधारोपण कर उपस्थित विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप चंद्राकर, अंशुमान तिवारी, ग्राम सरपंच टेमिन सिन्हा व स्कूल स्टाफ उपस्थित थे।

# एक वृक्ष 10 पुत्रों के समान होता : द्वारिकाधीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

दस कुओं के बराबर एक बावड़ी होती है, दस बावड़ियों के बराबर एक तालाब, दस तालाबों के बराबर एक पुत्र होता है और दस पुत्रों के बराबर एक वृक्ष होता है। उक्त उद्गार पूर्व संसदीय सचिव व वर्तमान खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने महिला बाल विकास कार्यालय में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए।

बागबाहरा स्थित महिला एवं बाल विकास कार्यालय में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम विधायक द्वारिकाधीश यादव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। जहां विधायक यादव सहित उपस्थित



अधिकारी कर्मचारी एवं नगर के गणमान्य नागरिकों द्वारा पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक यादव ने प्राचीन वैदिक धर्म शास्त्रों में विद्यमान पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण के ऊपर सारगर्भित उद्बोधन दिया।

विधायक यादव ने बताया कि प्राचीन वैदिक भारतीय धर्मशास्त्र पर्यावरण पर अधिक बल देते थे। इसलिए हमें लगातार पौधरोपण करना चाहिए। उन्होंने वृक्षारोपण के पश्चात प्राप्त होने वाले सुख का वर्णन भी किया। विधायक यादव ने बताया कि विष्णु पुराण में तो यहां तक कहा गया है कि यदि आप वृक्ष नहीं लगा सकते तो कम से कम दूसरे के लगाए हुए वृक्ष कोई यदि आप सींचते हैं और उसे सुरक्षा प्रदान करते हैं तो इससे भी बड़ा कोई पुण्य नहीं है। इस दौरान प्रमुख रूप से महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी मीना चंद्राकर एवं कर्मचारीगण तथा नागरिकों में नवनीत सलूजा, ताम्रध्वज बघेल, मंता यादव, दुर्गेश यादव, मिथुन अमीर, सनी दुआ समेत बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

# खाद की कमी का जायजा लेने सोसायटी पहुंची विधायक चातुरी

## डीएमओ से चर्चा कर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद खाद की कमी को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद ग्राम कुसमीसरार के सोसायटी पहुंच कर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें डीएपी की कमी के बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने मौके पर ही डीएमओ को फोन पर बात कर नाराजगी जताते हुए जल्द व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मीडिया को जानकारी देते हुए विधायक चातुरी नंद ने बताया कि क्षेत्र में लगातार खाद की कमी बनी हुई है परंतु, जिम्मेदार अधिकारियों को किसानों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। किसानों को डीएपी एवं यूरिया समय पर नहीं मिल पा रहा है जिससे



वे खेती में पिछड़ रहे है। विधायक नंद ने बताया कि डीएमओ ने उन्हें खाद की कमी यथाशीघ्र दूर करने का आश्वासन दिया है और जल्द ही 250 टन खाद की सप्लाई सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में करने की बात बताई है।

ज्ञात हो कि सरायपाली विधायक चातुरी नंद जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाती हैं। उन्होंने विधानसभा से लेकर जमीनी स्तर पर भी आम जन से जुड़े मुद्दों को शासन प्रशासन के समक्ष रखा है। हाल ही में उन्होंने गौरव पथ निर्माण में भ्रष्टाचार, अघोषित बिजली कटौती और अमृत जल जीवन मिशन के काम में देरी सहित कई मुद्दों को लेकर एक दिवसीय भूख हड़ताल पर बैठी थी।

## गड़बड़ी व भ्रष्टाचार रोकने भाजपा ने फिर शुरू किया गया जेम पोर्टल : रमेश

**महासमुंद।** पूर्व व्यापारी प्रतिनिधि व भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य रमेश साहू ने कहा कि जेम पोर्टल के माध्यम से निर्बाध रूप से राष्ट्रीय दर पर सामग्रियों की खरीदी करने प्रदेश सरकार ने जेम पोर्टल शुरू किया है। पूर्व में रमन सिंह के कार्यकाल में इस पोर्टल के माध्यम से शासकीय सामग्री की खरीदी की जाती थी। लेकिन, प्रदेश के पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने अपने करीबियों तथा कांग्रेस के लोगों को लाभ पहुंचाने जेम पोर्टल को नकार दिया था तथा सीएसआईडीसी के माध्यम से शासकीय सामग्री की खरीदी की। जिसमें बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार की शिकायतें, शासकीय सामामानों की खरीदी में गड़बड़ी सामने आई। साहू ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में सुशासन की सरकार है। सीएसआईडीसी में भ्रष्टाचार व गड़बड़ी की शिकायतों को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से लेते हुए इन भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने का फैला लिया। जिसके तहत जेम के माध्यम से खरीदी की व्यवस्था को फिर से बहाल कर शासकीय सामग्री की खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित की है। विष्णु सरकार का यह फैसला सुशासन की दिशा में एक और कदम है। रमेश साहू ने कहा कि जेम पोर्टल में सीधे विक्रेता अपना रजिस्ट्रेशन करते हैं। विभाग यहां से वस्तु का चयन करते हैं। जिससे किसी बिचौलियों का सिस्टम यहां काम नहीं आता। इससे सीधे कंपनी या उत्पादक से खरीदी संभव होती है। विभागों में हो रही खरीदी में भ्रष्टाचार कम करने के दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है।



# नांदगांव सतनामी युवा संगठन ने किया बच्चों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नांदगांव सतनामी समाज युवा

**ग्राम पंचायत नांदगांव के सभी स्कूलों में मनाया गया प्रवेशोत्सव**

संगठन ने ग्राम पंचायत नांदगांव के चारों स्कूल शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव, शासकीय नवीन प्राथमिक शाला पटिलबाहरा, शासकीय उच्चतर प्राथमिक शाला, हाईस्कूल में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। शिक्षण सत्र 23-24 में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को कापी, पेन, पुस्तक, कंपास, पहाड़ा, मेडल शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से युवा संगठन के अध्यक्ष मनीष जांगड़े, उपाध्यक्ष हामिद टंडन, कोषाध्यक्ष अरूण जांगड़े, सचिव लोकनाथ मारकंडे, सह सचिव मनीष चंद्रसेन, सोशल मीडिया प्रभारी रमन टंडन, टेकचंद्र जांगड़े, सदस्यगण तोरण टंडन, गोपेश बंजारे, कीर्ति साय, तेजराम जांगड़े, गुलशन जांगड़े, गोपी जांगड़े, विशाल बारले, आशीष कोसले, हेमंत बघेल, राज धृतलहरे, आर्यन धृतलहरे, शुभम बंजारे, ओमप्रकाश जांगड़े, उमेश टंडन,



मनीराम मिरी, खेमचंद्र परमार रविंद्र सोनवानी सहित शाला स्टाफ एवं ग्रामीण मौजूद रहे। इस अवसर पर सभी शाला परिवार के सदस्यों ने सतनामी समाज युवा संगठन का आभार माना।

### इन छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान

फुलेश्वरी पटेल, पोखन पटेल, दीपिका पटेल, जियारानी यादव, रेवाराम धीवर, चंद्रहास चंद्राकर, वेद प्रकाश पटेल, धनराज पटेल, राहुल ध्रुव, चांदनी साहू, मेघा पटेल, खुशबु पटेल, कुंभलता पटेल, मंयक साहू, गोकुल साहू, अलका साहू, सौरभ पटेल, भावना पटेल, राधिका धीवर, नम्रता पटेल, पूनम यादव, धारवी धीवर, कीर्ति निषाद, साची पटेल, हर्ष चंद्रकर, केसरी धीवर, मोहित पटेल, अजय बंजारे, लक्ष्मी निषाद, उषा पटेल, दक्षराज, प्रवीण, झरना, खोमेश्वरी, विश्वनाथ, लभांशु गिरी, आशीष बंजारे, परमानंद, चांद, विधि इस सभी छात्र-छात्राओं का नांदगांव सतनामी समाज युवा संगठन ने सम्मान किया।

# संस्कार पब्लिक में मनाया वन महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

संस्कार पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। शाला की प्राचार्य गुरप्रीत कौर ने बच्चों को पेड़ों की उपयोगिता के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। तत्पश्चात कक्षा सातवीं की शिक्षिका विजया तिवारी ने भी वन महोत्सव के अवसर पर अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों से शपथ दिलवाई कि वह अपने जन्म दिवस पर एक पेड़ जरूर लगाए। इस अवसर पर शाला की शिक्षिकाएं किरण गुप्ता, महेश्वरी साहू, ऐश्वर्या शर्मा ने भी अपने



विचार व्यक्त किए। पश्चात लभरा में नंदी मसाला उद्योग के सामने पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य गुरप्रीत कौर, विजया तिवारी,किरण गुप्ता, महेश्वरी साहू, ऐश्वर्या शर्मा आदि मौजूद रही।